**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3162**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग में रिक्तियां

3162. **श्री बैन्नी बेहनन:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) में इस समय रिक्त प्रमुख पदों की कुल संख्या कितनी है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ख) इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है; और

(ग) एनएमसी के कार्यकरण, विशेषकर मेडिकल कॉलेज निरीक्षण रिपोर्ट जारी करने के संबंध में उत्पन्न आंतरिक विवादों और चिंताओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, अब तक एनएमसी और इसके स्वायत्तशासी निकायों में कुल 19 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों को भरने के लिए दिनांक 31/08/2024 और दिनांक 11/10/2024 को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किए गए। इसके अतिरिक्त, आयोग के पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में एक अन्वेषण-सह-चयन समिति गठित की गई है।

संगठन के सुचारू कार्यकरण को सुनिश्चित करने के लिए, नीतिगत मामलों और लंबित निर्णयों की समीक्षा करने के लिए सभी चार स्वायत्तशासी निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों के साथ एनएमसी के अध्यक्ष की समन्वय बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती हैं। यह प्रभावी सहयोग, समय पर निर्णय लेने और आंतरिक मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करता है, एनएमसी के बेहतर समन्वय और मजबूत कार्यकरण को बढ़ावा देता है।

*****